श्री बंशीधर नगर, सोमवार

10.03.2025

फाल्गुन शुक्लपक्ष एकादशी संवत 2081

वर्ष : 03, अंक : 193

**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 06:08 बजे
अस्त - 06:03 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com भव्य व दिव्य होगा श्री बंशीधर महोत्सव >> पेज 03 आईफा अवार्ड्स 2025 में कृति सैनन >> पेज 04


## सुविचार

सबसे ज्यादा परेशान करने वाली चीज होती है किसी की आदत..!

## न्यूज अपडेट्स

### सर्च अभियान में तीन किलो का आईईडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सर्च अभियान के दौरान रविवार को एक तीन किलो का आईईडी बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के मंसूबे को एक बार फिर से विफल किया है। टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम सरजामबुरू, जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली पहाडी क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम जीम्कीइकीर के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये एक आईईडी बम बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से डिफ्यूज कर दिया। एसपी ने बताया कि इलाके में लगातार नक्सल विरोधी अभियान जारी है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा-कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा 203, 209 बटालियन, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 26, 60, 134 , 174, 193, 197 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

**विश्व विजेता** भारत ने 12 साल बाद फिर जीती चैंपियंस ट्रॉफी, न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

# हम हैं विश्व चैंपियन

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, जिससे उसने 12 साल बाद यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की। कप्तान रोहित शर्मा की बेहतरीन पारी और भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने तीसरी बार यह ट्रॉफी जीती।



### भारतीय गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन

दुबई में खेले गए इस फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी के कारण कीवी टीम 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 251 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र (37) और विल यंग (15) ने टीम को अच्छी शुरूआत दी, लेकिन 57 रनों की साझेदारी के बाद वरुण चक्रवर्ती ने यंग को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। कुलदीप यादव ने 11वें ओवर में रचिन रवींद्र (37) को बोल्ड किया, फिर 13वें ओवर में कप्तान केन विलियमसन (11) को भी पवेलियन भेज दिया। इसके बाद डेरेल मिचेल (63) और माइकल ब्रेसवेल (53 नाबाद) ने टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाए। भारत के लिए कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए, जबकि मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ने 1-1 विकेट चटकाए।

### रोहित शर्मा की कप्तानी पारी

252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा (76) और शुभमन गिल (31) ने मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच 105 रनों की साझेदारी हुई। हालांकि, शुभमन गिल 19वें ओवर में आउट हुए, जिसके बाद अगले ही ओवर में विराट कोहली (1) भी पवेलियन लौट गए। कप्तान रोहित शर्मा ने 83 गेंदों में 76 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। हालांकि, वह शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन स्टंप आउट हो गए। इसके बाद श्रेयस अय्यर (48) और अक्षर पटेल (29) ने 61 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अय्यर 39वें ओवर में कैच आउट हो गए। जीत के करीब पहुंची टीम इंडिया को 42वें ओवर में अक्षर पटेल का विकेट गंवाना पड़ा, जबकि हार्दिक पांड्या (18) 48वें ओवर में आउट हुए। आखिर में, केएल राहुल (34 नाबाद) और रवींद्र जडेजा (9 नाबाद) ने टीम को जीत दिलाई। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सेंटनर और माइकल ब्रेसवेल ने 2-2 विकेट लिए, जबकि रचिन रवींद्र और काइल जैमीसन को 1-1 विकेट मिला।

### भारत का आईसीसी में दूसरा खिताब

इस जीत के साथ रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने एक साल में दूसरी आईसीसी ट्रॉफी जीती। इससे पहले, टीम इंडिया ने 2024 में टी20 विश्व कप भी जीता था।

## झारखंड का बढ़ने लगा तापमान, मार्च में ही मई जैसी पड़ेगी गर्मी

**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में तापमान में इजाफा होने लगा है। पिछले एक ही दिन में तापमान में दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। मार्च माह के अंत तक रांची में अधिकतम तापमान के लगभग 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की आशंका है। मार्च में ही मैं जैसी गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इस सम्बंध में मौसम विभाग ने भी पूर्व में ही अलर्ट किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान



राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला 35.7 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री, जमशेदपुर में 34.1, डालटेनगंज में 34.9, बोकारो में 35.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## एक ट्रक अवैध विदेशी शराब जब्त

### जब्त शराब 45 लाख रु मूल्य के राजस्थान से उत्तर प्रदेश के रास्ते बिहार ले जायी जा रही थी शराब

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाने की पुलिस को होली से बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राजस्थान से उतर प्रदेश के रास्ते बिहार ले जाये जा रहे एक ट्रक अवैध विदेशी शराब को जब्त किया है। जब्त शराब लगभग 45 लाख रुपये मूल्य की बताई जा रही है। यह जानकारी रविवार को श्री बंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एसपी साहब के द्वारा शनिवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उतर प्रदेश की ओर से अवैध विदेशी शराब लोड एक ट्रक नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे कला निमियाडीह स्थित एनएच 75 के किनारे रॉयल किचन रेस्टोरेंट एवं ढाबा पर खड़ी है। एसपी साहब के निदेशानुसार हमारे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह,



थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सुंदर सोरेन, रंजन कुमार साह, सअनि अनुज सिंह, संजय पासवान, आरक्षी कौशल द्विवेदी, सहायक आरक्षी प्रमोद चौधरी, अनिल कुमार राजा एवं सोनू यादव को शामिल किया गया था।टीम द्वारा रॉयल किचन रेस्टोरेंट एवं ढाबा पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच की गई। जांच के दौरान ढाबा के बाहर खड़ी ट्रक एमपी 65 जीए 1620 की जांच की गई। जांच के दौरान चालक से ट्रक में लोड सामान के बारे में पूछताछ की गई तो चालक के द्वारा ट्रक में प्लास्टिक स्क्रैप लोड होने की बात बताई गई। चालक से जब प्लास्टिक स्क्रैप से सम्बंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि जांच के क्रम में दस्तावेज सही नहीं पाये जाने पर चालक के सामने ट्रक को खोला गया तो ट्रक में धान का भूसी से भरा प्लास्टिक बोरा पाया गया। जिसे हटाने पर उक्त ट्रक में अवैध विदेशी शराब पाया गया। सभी शराब के बोतल पर (फॉर सेल इन पंजाब ओनली) लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में ट्रक चालक ने बताया कि अवैध विदेशी शराब को संगठित गिरोह के द्वारा जालंधर (पंजाब) से पटना (बिहार) में होली त्यौहार के लिये सप्लाई किया जाना था। पुलिस और सेल टैक्स ऑफिसर से बचने के लिये गुरुजी नामक व्यक्ति फोन पर लोकेशन देते हुये चल रहा था। बाद में पुलिस ने उक्त ट्रक को जब्त कर थाना ले आई। साथ ही चालक खेता राम 24 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार चालक राजस्थान के बाड़मेर जिला अंतर्गत सेड़वा थाना क्षेत्र के दीपला का रहने वाला है। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ के साथ पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक आदि मौजूद थे।

### जब्त शराब

इंपीरियल ब्लू 750 एमएल 4080 पीस 340 कार्टून, इंपीरियल ब्लू 180 एमएम 11520 पीस 240 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 ओरिजनल ब्लेंडेड व्हिस्की 375 एमएल 2640 पीस 110 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 डीलक्स व्हिस्की ओरिजनल 375 एमएल 600 पीस 25 कार्टून, एक ट्रक एमपी 65 जीए 1620, प्लास्टिक स्क्रैप संबंधित फर्जी दस्तावेज, दो एंड्रॉयड मोबाईल, प्लास्टिक के बारे में भरा धान की भूसी 30 बोरा शामिल है।

### शहीद छोटन का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

## गमगीन माहौल में दी गई अंतिम विदाई

**रांची।** मांडर के नगड़ा पंचायत स्थित कनभिट्ठा गांव निवासी आर्मी जवान छोटन उरांव का बेंगलुरु में ट्रेनिंग के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। शहीद छोटन उरांव बरेली में पदस्थापित थे और वर्तमान में एसी सेंटर, बेंगलुरु में कोर्स कर रहे थे। सात मार्च को अचानक ट्रेनिंग के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को जब शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा, तो



माहौल गमगीन हो गया। परिवार के सदस्यों सहित पूरे गांव की आंखें नम थीं। उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था। शहीद छोटन उरांव को हाल ही में पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में लोग गांव पहुंचे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और शहीद के परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर सेना के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ शहीद छोटन उरांव को अंतिम सलामी दी।

# धुरकी में हाथियों का आतंक, घर छोड़ सरकारी स्कूल में रहे रहे ग्रामीण



**धुरकी :** प्रखंड अंतर्गत छत्तीसगढ़ सीमा से सटे कनहर तटीय खुटिया पंचायत स्थित शुरू गांव में इनदिनों हाथियों का आतंक एक सप्ताह से जारी है। उक्त गांव में हाथियों का बसेरा बना हुआ है। आदिम जनजाति टोला के लगभग 25 से 30 घर के लोग हाथियों के भय से अपना घर छोड़ सरकारी स्कूल में शरण लिये हुये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक सप्ताह से 15 से 20 की संख्या में हाथियों का झुंड गांव और जंगल में विचरण कर रहे हैं। गांव में लगी रबी फसल गेहूं, चना, सरसों को नष्ट कर रहे हैं। अब तक करीब 20 एकड़ में लगे फसलों को हाथियों ने क्षतिग्रस्त किया है। वहीं घरों को भी लगातार ध्वस्त कर रहे हैं। हाथियों के उत्पात से भयभीत ग्रामीण रात में अपना-अपना घर छोड़कर एक जगह इकट्ठा होकर सरकारी स्कूल के कमरा में और छत पर पूरे परिवार के साथ रात गुजार रहे हैं। हाथियों का झुंड शाम ढलते ही गांव पहुंच जा रहा है। जिससे फसल के साथ घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। भुक्तभोगी किसान मिनरास परहिया, श्रवण परहिया, कुंती देवी, गणेश परहिया, अनिल कोरवा सहित अन्य लोगों ने बताया कि रात में हाथियों का झुंड गांव में आकर उनके घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। घर को गिराते हुये घर मे रखे अनाज चट कर गये। पूरे मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन विभाग प्रखंड के चार पंचायत भंडार, खाला, खुटिया, आंबाखोरेया को पूर्व में ही हाथी के खतरे को लेकर रेड जोन घोषित कर रखा है। लोगों को जंगल में आनावशायक रुप से जाने पर रोक लगा दी है। ग्रामीण बताते हैं कि हाथी कनहर नदी में पानी पीकर जंगल में विचरण करते हैं। उसके कारण वहां के लोग बच्चे को स्कूल जाने से भी रोक रहे है। हाथियों का झुंड कनहर तटीय गांव अंबाखोरेया, भंडार, बरसोती, लिखनीधौरा, शुरू, सेमरवा, खाला सहित अन्य गांवों में विचरण कर रहा है। वनपाल प्रमोद यादव ने बताया कि हाथी आने की सूचना लगातार मिल रही है। लोगों को हाथी से जानमाल की सुरक्षा के लिये सुरक्षित रहने के लिये जागरूक किया गया है।

## न्यूज अपडेट्स

### प्राण प्रतिष्ठा के लिये मूर्ति का नगर भ्रमण

**मझिआंव :** प्रखंड कार्यालय के सामने नवनिर्मित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये चल रहे तीन दिवसीय श्री विश्वकर्मा विराट वैदिक महायज्ञ के दूसरे दिन मूर्ति के साथ नगर भ्रमण सह शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर घोड़े जुते रथ पर सवार भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति के साथ शोभायात्रा सह नगर भ्रमण के लिये यज्ञ मंडप से निकलकर लोहरपुरवा, रेशुआ, चन्द्री एवं बाजार पथ, राधा कृष्ण मंदिर एवं शिव मंदिर होते पुनः विश्वकर्मा मंदिर में लाया गया। विदित हो कि यह यज्ञ राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में चल रहा है। जिसमें विद्वान आचार्य पंडित विजय कांत दुबे द्वारा सभी वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कर्मकांड सम्पन्न कराये जा रहे हैं। साथ ही वृंदावन की प्रवचनकर्ता प्रज्ञा भारती एवं अयोध्या के संत श्याम नारायणाचार्य द्वारा संध्या समय प्रवचन व भजन गायन किया जा रहा है। मौके पर शोभायात्रा में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष पिंटू विश्वकर्मा विश्वकर्मा, बद्री शर्मा, अक्षयर विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### फसल प्रदर्शनी 17 मार्च को

**मझिआंव :** प्रखंड कार्यालय परिसर में 17 मार्च को फसल प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन किया जायेगा। जानकारी देते हुये बीटीएम दयानंद पांडेय ने बताया कि इस मेला में किसान कृषि एवं उद्यान प्रदर्शनी में किसान रवि मौसम की दलहन/ तेलहन, अनाज की फसलें, सब्जियां, फल, फूल वाले पौधा, औषधीय पौधा, मसालेदार फसल, संरक्षित फल पदार्थ एवं संरक्षित फसल पदार्थ इस मेला में लेकर आएं। जिन किसानों का फसल अच्छा होगा उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा।

**पलामू** | वित्त मंत्री ने जो शिकायत की थी वह जांच में सही पाया गया

# एनपीयू के भवन की केंद्रीय एजेंसी से हो जांच : किशोर

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर जैसे ही पलामू पहुंचे की पलामू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अपनी अपनी समस्या लेकर मंत्री के समक्ष समस्याओं की झड़ी लगा दी गयी। मंत्री श्री किशोर ने एक-एक व्यक्ति की समस्या सुनकर उन्हें निदान करने का हर संभव प्रयास किया। पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मंत्री श्री किशोर ने कहा कि एनपीयू का नवनिर्मित भवन हैंडओवर लेने में विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने काफी जल्दबाजी दिखाई है। निमार्ण एजेंसी झारखंड स्टेट भवन निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता ने गुमराह किया है। जबकि संवेदक मेसर्स छाबड़ा एंड जेके इंजीनियरिंग ने निर्माण में काफी अनियमितता बरती है। वित्त मंत्री ने कहा कि 13 फरवरी को राज्यपाल से मुलाकात कर उन्होंने एनपीयू भवन निर्माण में अनियमतता की जानकारी देते हुये जांच कराने का अनुरोध किया था। राजभवन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई जिसमें राजभवन के अपर सचिव एके सत्यजीत, ओएसडी न्यायिक मुकेश चंद्र नारायण तथा भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता महेन्द्र राम थे, ने जांच रिपोर्ट समर्पित की जिसमें अनियमितता की पुष्टि हुई है। राजभवन ने एनपीयू के अधिकारियों को भविष्य में भवन हैंडओवर लेने आदि के लिये सक्षम अधिकारियों को जिम्मेवारी देने और सभी तथ्यों की जांच करने के बाद ही भवन लेने तथा निर्माण एजेंसी को भवन निर्माण में बरती गई अनियमितता को उसी संवेदक से दूर करवाने का निर्देश दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 383 करोड़ रुपये का भवन निर्माण के पहले चरण में 104 करोड़ रुपये की लागत से प्रशासनिक और एकेडमिक भवन का निर्माण कराने के लिए टेंडर निकाला गया था परंतु एकरारनामा 116 करोड़ रुपये का किया गया। निर्माण कार्य के दौरान पहली बार प्राक्कलन रिवाईज करते हुये उसे 129 करोड़ का किया गया और पुनः उसे रिवाईज कर 147 करोड़ का कर दिया गया फिर भी काम 2025 में भी पूरा नहीं हो सका है। स्पष्ट है प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने भवन निर्माण कार्य की समुचित मोनेटरिंग नहीं की है। भवन निर्माण के लिये आठ जुलाई 2018 को एकरारनामा किया गया था और काम आठ जुलाई 2000 को पूरा कर लेना था। 31 जनवरी को सेवानिवृत हुये पलामू के कमिशनर सह एनपीयू के प्रभारी कुलपति ने भी अधूरे भवन हैंडओवर लेने की अनुमति कैसे दी? यह बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि राजभवन से एनपीयू के रजिस्ट्रार, सीसीडीसी आदि से स्पष्टीकरण मांगा गया है। श्री किशोर ने कहा कि उनके द्वारा जो शिकायत की गई थी वह जांच में सही पाया गया। पुणः राज्यपाल से मिलकर लिखित आवेदन देंगे कि संबंधित रजिस्टर और सीसीडीसी पर कार्रवाई हो साथी केंद्रीय एजेंसी से निष्पक्ष जांच हो ताकि सच्चाई सामने आ सके। आखिर इकरनामा के बाद रिवाइज्ड पर रिवाइज क्यों होता गया।

## नशा छोड़ चुके लोगों को एसडीओ ने कॉफी पर किया आमंत्रित




**गढ़वा :** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे लोगों को कॉफी पर आमंत्रित किया है जो लोग कभी नशे की गिरफ्त में होते थे, तब नशे के चलते उनका परिवार तबाही के कगार पर पहुंच चुका था। किंतु उन्होंने अपनी इच्छा शक्ति के बदौलत ‟नशे को न कहा‟ और धीरे-धीरे अब नशा मुक्त सामान्य जीवन जी रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिये आगामी बुधवार 12 मार्च को 11 से 12 के बीच समय निर्धारित है। उन्होंने कहा कि कई बार बुरी संगत या मानसिक बिखराव के बाद युवक-युवतियां जाने-अनजाने में नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, किंतु जब तक उन्हें गलती का एहसास होता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। किंतु इनमें से कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपनी इच्छा शक्ति और ईमानदार प्रयास के चलते नशे को छोड़ने में सफल हो जाते हैं। नशे की लत से उबर चुके ऐसे ही लोगों से अपील की जा रही है कि वे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए इस बुधवार अनुमंडल कार्यालय जरूर आयें। संजय कुमार ने कहा कि आज युवाओं में ड्रग्स का प्रचलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जिसके चलते न केवल लाखों भविष्य बर्बाद हो रहे हैं बल्कि हंसते खेलते परिवार भी नरक बन जा रहे हैं। ऐसे लोगों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित करने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह है कि एक तो उन लोगों को प्रोत्साहन की अनुभूति होगी कि उन्होंने एक अच्छा काम किया है इसलिये उन्हें आमंत्रित किया गया है।

## सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर और हरिहरगंज में दो सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन जख्मी हैं। सभी को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। हरिहरगंज में दो, जबकि छतरपुर में एक युवक की मौत हुई। पहली घटना शनिवार रात छतरपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर-जपला रोड में अरुण आवासीय विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। तीन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद तीनों को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृत युवक और घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। दूसरी घटना एनएच 139 हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रविवार तड़के डेढ़ बजे हुई। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जान चली गयी। दोनों की मौके पर ही मौत हुई। शव के सड़क पर पड़े रहने के कारण 15 मिनट तक हाइवे जाम भी रहा। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। हालांकि उसका नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज के रविकांत कुमार (26) एवं दूसरा गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के चिरैली के सुनील कुमार (20)के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत एवं सुनील एक ही मोटर साइकिल (बीआर 26ए ए6422) से छतरपुर की ओर से आ रहे थे। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराए के मकान में जाना था। दोनों जैसे ही बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (यूपी 44 बीटी 0295) से जोरदार टक्कर हो गयी। उक्त दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को घटनास्थल से उठवाया। बाइक को जब्त किया। पोस्टमार्टम के लिए शव हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया गया है। दोनों युवक दो साल से हरिहरगंज में रह रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर रविकांत के पिता हरिहरगंज पहुंचे और धक्का मार कर भागने वाले ट्रक चालक पर एफआइआर दर्ज करायी है। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 युवकों की मौत हो गई। शनिवार दोपहर पांकी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक-एक युवकों की मौत हुई।

### जीवन में नैतिकता को बरकरार रखें छात्र : स्पीकर

**रामगढ।** रामगढ़ के राधा गोविंद विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षांत समारोह रविवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ नैतिकता बरकरार रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज डिग्री लेने के बाद वे समाज में अपना योगदान अलग-अलग पदों और स्थानों पर दे सकते हैं। लेकिन समाज का विकास तभी संभव है जब नैतिकता बरकरार रहे। उन्होंने राधा गोविंद विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह क्षण संस्थान के लिए गौरवपूर्ण और भावनात्मक पल है। प्रथम दीक्षांत समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो , डीसी चंदन कुमार , एसपी अजय कुमार , जैप आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, कुलाधिपति बीएन साह , फूलमती देवी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने पीएचडी, पीजी, यूजी एवं वोकेशनल के विद्यार्थियों को 1152 उपाधियां वितरित की। जिसमें 64 विश्वविद्यालय टॉपर रहे। राधा गोविंद ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए विश्वविद्यालय तत्पर है। छात्रों के कैरियर को अत्यधिक आत्मविश्वास और शानदार संतुष्टि के साथ आगे बढ़ाने के लिए, आवश्यक विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वातावरण एवं प्रोत्साहन के लिए हमेशा तैयार रहेगा।

## पर्यावरणविद डॉ कौशल ने दो राज्यों के तीन विद्यालयों के बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण धर्म का पाठ

# नारी शक्ति की जागरूकता से ही कम होगा प्रदूषण का आतंक : डॉ कौशल

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय और अनुसूचित जाति आवासीय मध्य विद्यालय के अलावे छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कन्या पूजन के उपरांत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुये नारी शक्ति को नमन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्र छात्राओं को पर्यावरण धर्म के सम्बंध में कई रोचक जानकारियां देकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निबटने के लिये शहर में आकाश बाग और गांवों में किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि किसानों को वृक्ष की खेती करने से ही आकाल, सुखाड़ से राहत तो मिलेगी ही उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। जिससे आत्मनिर्भरता के साथ उनकी आर्थिक स्थितियों में भी सुधार होगा। डॉ कौशल ने प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिये परमाणु ऊर्जा को बंद करने व दैनिक जीवन मे भौतिक संसाधनों का उपयोग कम करने की सलाह दी। कार्यक्रम में हेडमास्टर गुप्तेश्वर पासवान, योगेश्वर राम व वार्डेन उर्मिला मिंज ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल के द्वारा इसके पहले इस विद्यालय में लगाये गये पौधे आज पेड़ बनकर फल फूल दे रहा है। इस अवसर पर शिक्षक आशा भारती, सुमित्रा मिंज, परवीना भगत, अमर शीला, पूर्णिमा यादव, विमला कुमारी, मनोज ठाकुर, शिमला कुमारी, प्रज्ञा वेद अलंकार, अपूर्व रंजन, गोपाल सिंह, वीरेंद्र पासवान आदि लोग शामिल थे।




# समारोह आयोजित कर सहायक शिक्षक को दी विदाई

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में सहायक शिक्षक रामनन्दन बैठा की सेवानिवृत्ति पर रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बीईईओ रंभा चौबे ने कहा कि आज एक योग्य जुझारू एवं आयरन मैन की तरह कार्य करने वाले शिक्षक का आज विदाई समारोह में हमलोग उपस्थित हुये हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक रामनन्दन बैठा से हमलोगों से सीखने की जरूरी है कि विद्यालय में कैसे कार्य की जाती है। उनके द्वारा विभाग का कोई भी दायित्व हो उनका निर्वाहन कुशलता से किया है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों, प्रधानाध्यापिका के साथ साथ शिक्षक राकेश चौबे का आभार प्रगट किया। बीईईओ रंभा चौबे ने एक विदाई गीत कैसे करूं विदाई गीत गाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला के द्वारा मांग पत्र पढ़कर सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश चौबे ने किया। समारोह को बीपीओ रवींद्र मेहता, जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पाण्डेय, शिक्षक संघ के जिला महासचिव प्रभात रंजन, प्रधानाध्यापक संजय कुमार, राजीव रंजन द्विवेदी, सतीश चौबे, राजकुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी, सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, दिलीप उपाध्याय, मनोज गुप्ता, जितेंद्र पांडेय, रजनीकांत रोहिणी, उप मुखिया वैश खान, राजेश यादव, मुक्तेश्वर पांडेय, शिक्षक उदय गुप्ता, कमलेश पटक, मनोज कुमार, कामेश्वर विश्वकर्मा, प्रियरंजन, खुशदिल अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पूर्व सांसद रामदेव राम के पुत्र अनिल राम का निधन

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पलामू जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद रामदेव राम के पुत्र अनिल राम (60) का आज निधन हो गया। परिजनों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रह रहा था। श्री राम अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्र छोड़ गये हैं। श्री राम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर भाजपा तक के सफर में विभिन्न दायित्वो का निर्वहन किया और एक कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने कहा कि स्व अनिल राम सरल एवं मृदु स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने हमेशा पार्टी एवं समाज की सेवा की। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि स्व अनिल राम अपने पूरे राजनीतिक जीवन में छल कपट से दूर रहकर गरीब असहाय को मदद पहुंचने का अथक प्रयास किया है। अनिल के निधन की सूचना पाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके शाहपुर स्थित आवास पर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की है।

### अब तक 101 नाबालिग रेस्क्यू

**विश्रामपुर :** धनबाद रेल मंडल के गढ़वा रोड आरपीएफ पोस्ट के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव के कार्यकाल में अबतक 101 नाबालिग को रेस्क्यू कर उन्हें सकुशल चाईल्ड लाईन को सुपुर्द किया जा चुका है। गढ़वा रोड आरपीएफ पोस्ट के इस उपलब्धि को इंस्पेक्टर श्री यादव ने अपने वरीय अधिकारियों से साझा किया है। वहीं उन्होंने इसका श्रेय पोस्ट पर पदस्थापित सभी आरक्षी, प्रधान आरक्षी व पदाधिकारियों को दिया है। उन्होंने बताया कि टीम भावना से काम करने की वजह से ही यह उपलब्धि हासिल हुई है। वहीं 101 नाबालिकों में 69 लड़के व 32 लड़कियां शामिल हैं। जनवरी 2022 से अबतक के कालखंड में तस्करों के चंगुल में जाने से बचाने में कामयाबी मिली है।

**तैयारी** — श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन के लिए बैठक

# भव्य व दिव्य होगा श्री बंशीधर महोत्सव

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर रविवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में विधायक अनंत प्रताप देव की अगुवाई में बैठक हुई। बैठक में बंशीधर महोत्सव को भव्य एवं दिव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने श्री बंशीधर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अपना-अपना सुझाव दिया। लोगों ने महोत्सव में आठ स्थानों झारखंड-यूपी की सीमा बिलासपुर, श्री आशुतोष महादेव मंदिर पाल्हे कला, श्री बंशीधर मंदिर के पास, जंगीपुर बिजली सब स्टेशन के पास, हनुमान मंदिर के पास, प्रखंड कार्यालय के पास, थाना के पास व एनएच 75 किनारे श्री बंशीधर मंदिर के गेट के पास तोरण द्वार स्थापित करने व गोसाईंबाग मैदान से भवनाथपुर मोड़ तक सड़क के दोनों तरफ लाईट लगाने, श्री बंशीधर मंदिर का रंग रोगन के लिये श्री बंशीधर सूर्य मंदिर के ट्रस्टी को 2 लाख रुपये उपलब्ध कराने, श्री बंशीधर मंदिर से बजरंग बली मंदिर तक भगवान कृष्ण की लीलाओं का मनमोहक वॉल पेंटिंग कराने का सुझाव दिया। व्यापक ब्रांडिंग के उद्देश्य से लोगों ने महोत्सव में पार्श्व गायक कुमार शानू, कवि कुमार विश्वास, गायक आलोक कुमार प्रयागराज वाले, अनूप जलोटा, मैथिली ठाकुर व वृंदावन के सुप्रसिद्ध भजन गायक चित्र विचित्र वृंदावन को बुलाने, शंखनाद हेतु पंडित विपिन मिश्रा को बुलाने, महोत्सव के दौरान श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना के लिये अन्य स्थानों से बुलाये गये पुजारी के लिये पूर्व की भांति श्री बंशीधर मंदिर समिति को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया। इसके साथ ही प्रखंड स्तर पर सभी होर्डिंग पर आने वाले कलाकारों एवं उनके कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार कराने, महोत्सव का लाईव प्रसारण कराने, सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिये गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधियों के लिये अनुमंडल स्तर से पर्याप्त पास व बैठने की व्यवस्था करने, दीवाल पेंटिंग के लिये चेंबर ऑफ कॉमर्स को 3 लाख रुपये उपलब्ध कराने, सभी खराब स्ट्रीट लाईट को दुरुस्त कराने, साफ-सफाई कराने, जर्जर विद्युत तारों को एक सप्ताह के अंदर बदलकर दुरुस्त कराने, महोत्सव के दौरान सुचारू यातायात व वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था कराने का सुझाव लोगों ने दिया। बैठक में एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, सीओ विकास कुमार सिंह, नगर पंचायत के प्रशासक राजकमल मिश्र, श्री बंशीधर सूर्य मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र चौबे, पूर्व प्रमुख रवींद्र पासवान, डॉ सुचित्रा कुमारी, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, प्रदीप सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ज्ञान निकेतन में धूमधाम से मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर निदेशक ने कहा कि विश्व महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दशार्ता है। महिला दिवस महिलाओं की समानता, उनके अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिये मनाया जाता है। महिला दिवस मनाने का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है। समाज में महिलाओं को बराबर का हक दिलाना साथ ही किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को रोकने के मकसद से ही मनाया जाता है। महिलाओं को देवी, जगत जननी और संरक्षक की प्रतिमूर्ति माना गया है। मौके पर नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, नीलम केशरी, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, ऋषभ श्रीवास्तव, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### दोनों धर्मावलम्बी एक दूसरे की भावनाओं का करें सम्मान : पुलिस इंस्पेक्टर



**छतरपुर :** सामाजिक समरसता के त्योहार होली और माह ए रमाजान के त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर छतरपुर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम ने किया। त्योहारों को लेकर उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों का मन्तव्य लिया और आग्रह किया कि आनेवाला त्योहार समाज के लिये मिसाल बने। सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द ने कहा कि युवा दुर्घटनाओं में जान गंवा रहे हैं। त्योहारों के मौके पर ड्रिंक एन्ड ड्राईव पर लगाम लगे और होली में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु एहतियात बरतने पर बल दिया। बैठक में मुख्य रूप से एसआई अनिल कुमार, महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, राहुल कुमार, सुशील मिंज, राजीव कुमार, संजय सिंह, अशोक टोप्पो, राजेश बैठा, देवदत्त राम वहीं सामाजिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों में मुख्य रूप से मुखिया हरेंद्र सिंह, सुदामा पासवान, अरविन्द गुप्ता चुनमून, खालिद अंसारी, नौखेज खान, गुड्डू अंसारी, प्रमोद यादव, रॉकी, रितेश, अंकित, सोनू, रिशु सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### विधायक की चाची का निधन



**सगमा :** विधायक अनंत प्रताप देव की चाची व स्व कृष्ण प्रताप देव की पत्नी रुक्मणि देव 82 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। बताते चलें कि रुक्मणि देव सगमा स्थित भारत गैस एजेंसी के प्रोपराईटर संजय प्रताप देव की माता थी। रुक्मणि देव पिछले दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। शनिवार को अचानक तबियत ज्यादा खराब होने के बाद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। इसकी सूचना पाते ही विधायक अनंत प्रताप देव विधानसभा की कार्यवाही छोड़कर कटहर गढ़ पहुंचकर शोक में शामिल हुये। विधायक ने श्वको कंधा देकर श्मशान घाट पहुंचाया। मौके पर विधायक के अलावा, पूर्व जिप सदस्य नदगोपाल यादव, मुखिया तेजलाल राम, कटहर मुखिया पति राजेंद्र राम, देवचंद यादव, भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पाण्डेय, सुभाष यादव, रामेश्वर यादव, नारायण दास यादव, हरिदास यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### 13 को होलिका दहन, 15 मार्च को होली



**गढ़वा :** जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर परिसर में रविवार को मंदिर के पुजारी राजन पांडेय एवं अन्य विद्वान आचार्यों ने बैठक कर होली पर्व मनाने पर बने संशय पर विचार विमर्श किया। विभिन्न पतरा एवं पंचांग के अनुसार सभी ने एक मत होकर 13 मार्च की रात्रि में होलिका दहन तथा 15 मार्च को होली मनाने का निर्णय लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुये मां गढ़देवी मंदिर के मुख्य पुजारी राजन पांडेय ने कहा कि होलिका दहन 13 मार्च की रात्रि 1:00 से सुबह 5:00 बजे तक किया जायेगा। 14 मार्च को पूर्णिमा सुबह 11:15 तक है। इस कारण रंगोत्सव होली का त्योहार 15 मार्च शनिवार को को पूरे दिन मनाया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से जयनाथ तिवारी, उदय कुमार चौबे, दीपक मिश्रा, उमेश्वर पांडेय, सुनील धर दुबे, रामबरन पांडेय, आशीष वैद्य, विनोद पाठक, नरोत्तम वैद्य, मनु दुबे, प्रकाश पांडेय, हृषिकेश पांडेय, अमरीश तिवारी, सर्वेश दुबे, रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के संस्थापक अध्यक्ष शमुरली श्याम सोनी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

एक-दूसरे को आपसी भाईचारा में बांधने वाला त्योहार है होली : विधायक

# बनपुरवा में होली मिलन समारोह का आयोजन

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** होली के त्योहार में लोगों का संबंध और प्रगाढ़ होता है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। एक-दूसरे को आपसी भाईचारा में बांधने वाला त्योहार है। होलिका दहन की मान्यताएं बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। उक्त बातें गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने शनिवार की रात सदर प्रखंड के बनपुरवा गांव में बाबा मोती क्लब की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोग अपने धर्म के प्रति काफी जागरूक हैं। आपसी भाईचारा के साथ सौहार्द वातावरण में पर्व-त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सनातन धर्म में लोगों की आस्था बढ़ी है। आने वाला समय में पूरी दुनिया में सनातन का डंका बजेगा। सनातन धर्म के प्रति आस्था कुंभ में भी देखने को मिली। जहां देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेश से भी लोग पहुंचे। जिला परिषद सदस्य अमृतांजलि दुबे ने कहा कि जब जब हमारे धर्म पर किसी ने आंख उठाई है। उसे मूंह की खानी पड़ी है। गढ़वा में भी हमारी आस्था पर चोट पहुंचाने की कोशिश की गई थी। जिसका नतीजा सभी के सामने है। उन्होंने कहा कि होलिका दहन की तरह क्षेत्र में किये गये कुकर्म सनातन धर्म पर भिन्न-भिन्न प्रकार की आस्था पर चोट किया गया। लेकिन यहां लोगों ने डटकर ऐसे ताकतों का सामना करने का काम किया है। मौके पर बिहार के कलाकार सुदर्शन यादव एवं साथियों ने हिन्दी, भोजपुरी के एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, सिद्धेश्वर उपाध्याय, ब्रजेश उपाध्याय, मंगलमूर्ति तिवारी, समाजसेवी चुनमुन दुबे, ब्रजेशधर दुबे, सत्येंद्र दुबे, मनोज दुबे, संजीव दुबे, गोरखनाथ दुबे, अरुण दुबे, सुनील चंद्रवंशी, मुरारी यादव सहित काफी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

## फसल बर्बाद करने वालों पर कार्रवाई का आग्रह



**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी निवासी वीरेंद्र गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर तीन व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिये आवेदन में उन्होंने बताया कि भवनाथपुर बाजार निवासी प्रदीप साह, परमानंद गुप्ता और आनंद गुप्ता ने उनके रैयती एक एकड़ भूमि में लगे गेहूं की फसल में कीटनाशक दवा डालकर उसे नष्ट कर दिया। वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इन लोगों ने पहले भी उनकी हरी धन की फसल को काटकर बर्बाद कर दिया था, जिसके बारे में उन्होंने थाना में लिखित शिकायत की थी। बावजूद इसके ये लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और जानबूझकर उनकी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वीरेंद्र गुप्ता ने आरोप लगाया कि इन व्यक्तियों के द्वारा जानबूझकर उनकी फसल को नष्ट किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने थाना प्रशासन से इन तीनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।



## आईफा अवाड्र्स 2025: 'पंचायत' का जलवा, 'अमर सिंह चमकीला' बनी बेस्ट फिल्म

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (आईफा) 2025 का भव्य आयोजन इस साल जयपुर, राजस्थान में हो रहा है, जहां बॉलीवुड की कई दिग्गज हस्तियां जुटीं। हाल ही में आईफा डिजिटल अवॉड्र्स 2025 के विजेताओं की घोषणा की गई। इस साल वेब सीरीज 'पंचायत' ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का दिल जीता, वहीं फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के निर्देशक इम्तियाज अली ने भी इस समारोह में खास पहचान बनाई। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री का खिताब आईफा डिजिटल अवॉड्र्स 2025 में कृति सैनन को उनके होम प्रोडक्शन की फिल्म 'दो पत्ती' में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का खिताब विक्रांत मैसी ने 'सेक्टर 36' में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान 'अमर सिंह चमकीला' के लिए इम्तियाज अली को दिया गया। सहायक भूमिकाओं में अनुप्रिया गोयनका ने बर्लिन और दीपक डोबरियाल ने 'सेक्टर 36' के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया। 'पंचायत 3' का जलवाआईफा डिजिटल अवॉड्र्स 2025 में 'पंचायत 3' का दबदबा देखने को मिला। इस वेब सीरीज ने सबसे अधिक और विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। 'पंचायत 3' को सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज का अवॉर्ड मिला, जबकि इसके निर्देशक दीपक कुमार ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब जीता। इसके साथ ही, जितेंद्र कुमार ने 'पंचायत 3' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का पुरस्कार अपने नाम किया, वहीं फैजल मलिक ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का अवॉर्ड जीतकर सभी का ध्यान खींचा। अन्य श्रेणियों में विजेताआईफा डिजिटल अवॉड्र्स 2025 में कई अन्य श्रेणियों में भी विजेताओं की घोषणा की गई।

## विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' 500 करोड़ क्लब में शामिल हुई



विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' लंबे समय से चर्चा में थी और रिलीज के पहले ही दिन इसने धमाकेदार शुरूआत की। अब 23वें दिन भी यह फिल्म टिकट खिड़की पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। भारत में इसकी कमाई 500 करोड़ रुपये के पार हो चुकी है और यह इस साल इस जादुई आंकड़े को छूने वाली पहली फिल्म बन गई है। आइए जानते हैं कि अब तक फिल्म ने देशभर में कुल कितनी कमाई की है। फिल्म को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया पर विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आपके अपार प्यार के लिए धन्यवाद।' सैकनिल्क के मुताबिक 'छावा' ने चौथे हफ्ते की शुरूआत शानदार की। 22वें दिन 8.75 करोड़ रुपये का कारोबार करने के बाद, 23वें दिन इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया और फिल्म ने 16.5 करोड़ रुपये कमा लिए। इसी के साथ भारत में इसकी कुल कमाई 508.8 करोड़ रुपये हो गई है। 'छावा' 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली 2025 की पहली फिल्म बन गई है। 'छावा' को खासतौर पर महाराष्ट्र में जबरदस्त समर्थन मिला है, जहां इसने 'पुष्पा 2' जैसी बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह फिल्म अब विक्की कौशल के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले उनकी सबसे बड़ी हिट 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' थी, जिसने 244.14 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

## पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र शाह के समर्थन में उमड़े जनसैलाब से नेपाल की राजनीति में उबाल



# आईफा अवॉर्ड्स 2025 'लापता लेडीज' ने मारी बाजी, कार्तिक व नितांशी बेस्ट एक्टर



**जयपुर।** इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन रविवार को जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (खएउउ) में हुआ। इस साल का आईफा अवॉर्ड्स फिल्म 'लापता लेडीज' के नाम रहा, जिसने कुल दस अवॉर्ड अपने नाम किए। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला, जिसे किरण राव और आमिर खान ने प्राप्त किया। बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड फिल्म 'भूल भुलैया-3' के लिए कार्तिक आर्यन को मिला, जबकि नितांशी गोयल ने बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब जीता। समारोह में बॉलीवुड सितारों ने अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित ने घोड़े जैसी चाल... हाथी जैसी दुम गाने पर डांस कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कटरीना कैफ, रेखा और कीर्ति सेनन ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की भव्यता बढ़ा दी। रेखा ने डायरेक्टर राकेश रोशन के साथ फिल्म 'खून भरी मांग' के गाने ह्यहंसते-हंसते कट जाए रास्तेह्न पर परफॉर्म किया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। शाहिद कपूर ने स्कूटर पर स्टेज पर एंट्री लेकर अपनी फिल्मों के सुपरहिट गानों पर शानदार प्रस्तुति दी। इस अवॉर्ड समारोह में किरण राव को फिल्म 'लापता लेडीज' के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड दिया गया, जबकि राम संपत को इसी फिल्म के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का सम्मान मिला। बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल) का अवॉर्ड जुबिन नौटियाल को फिल्म 'आर्टिकल 370' के गाने 'दुआ' के लिए मिला, वहीं बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल) का अवॉर्ड श्रेया घोषाल को फिल्म 'भूल भुलैया-3' के गाने 'अमी जे तोमार 3.0' के लिए मिला। समारोह में रेखा ने राकेश रोशन को 'आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा' अवॉर्ड से सम्मानित किया। माधुरी दीक्षित ने 'खलनायक' के प्रसिद्ध गाने पर डांस कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, जबकि करीना कपूर खान ने रेट्रो स्टाइल में 'जीना यहां, मरना यहां' और 'रमैय्या वस्तावैय्या' जैसे गानों पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। शाहिद कपूर ने 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'साड़ी के फाल सा' पर धमाकेदार डांस किया। इस रंगारंग आयोजन ने बॉलीवुड की चमक-धमक को एक नई ऊंचाई दी और दर्शकों को यादगार पल प्रदान किए।

### सिनेमा के लिए शूटिंग का पसंदीदा स्थान राजस्थान : भजनलाल शर्मा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आईफा अवाड्र्स समारोह के सिल्वर जुबली आयोजन के साथ ही जयपुर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, और अबुधाबी जैसे उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो गया है, जहां आईफा का आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया भर में एक नई पहचान देगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान भारत के टूरिज्म मैप का एक प्रमुख केंद्र है। यहां इतिहास भी है और धरोहर भी है। राजस्थान की धरती भारतीय और वैश्विक सिनेमा के लिए शूटिंग का हमेशा से पसंदीदा स्थान रही है। यहां की विविधता इस प्रदेश को फिल्म शूटिंग के लिए और भी आकर्षक बनाती है। मैं फिल्म जगत से जुडी सभी हस्तियों को राजस्थान में अधिक से अधिक शूटिंग करने के लिए आमंत्रित करता हूं। आईफा अवाड्र्स वितरण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र भी पढ़ा गया। उपमुख्यमंत्री मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि लोगों में बहुत उत्साह है। आईफा आयोजन होने के बाद भी हमारा प्रयास रहेगा कि राजस्थान में इस तरह के ज्यादा से ज्यादा आयोजन किए जाएं। उन्होंने कहा कि आज कई बड़े कलाकार यहां मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं, वे राजस्थान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। फिल्म कलाकार राजस्थान में कई जगह जाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहें हैं। इससे राजस्थान में पर्यटन को मजबूती मिलेगी। आईफा के माध्यम से पूरा विश्व राजस्थान की कला एवं संस्कृति से रूबरू होगा। इस तरह के आयोजन होने से में पर्यटन बढ़ेगा, अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## मणिपुर के कांगपोकपी में तनाव बरकरार

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में तनावपूर्ण माहौल है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में है। कूकी-जो



संगठनों ने सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में रविवार को अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया है, जिससे समुदाय-बहुल क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 (इंफाल-डिमापुर मार्ग) सहित जिले के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार गश्त कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को हिंसक प्रदर्शन में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, यह झड़प तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ₹मणिपुर में स्वतंत्र आवागमन₹ के निर्देश पर मुक्त आवाजाही शुरू हुई। तभी चल रही स्टेट बसों तथा सुरक्षाबलों पर पथराव कर पथराव किया गया, जिससे सुरक्षाकर्मियों समेत कई लोग घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर आग जलाकर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। इस पर पुलिस को मजबूरन आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। बताया गया कि रात तक जारी इस झड़प में प्रदर्शनकारियों ने गुलेल और पत्थरों से हमला किया, जिससे सुरक्षा बलों के पांच वाहनों के शीशे टूट गए। कूकी-जो काउंसिल के बुलाए गए इस बंद को इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम का समर्थन मिला है। संगठन ने सभी कूकी-जो समुदाय के लोगों से इस बंद में शामिल होने की अपील की है।

Hit लिस्ट

## रूस में निकाली जाएगी ज्योति कलश यात्रा

**हरिद्वार।** वर्ष 2026 अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा स्थापित अखंड दीप का शताब्दी वर्ष है। इस ऐतिहासिक अवसर को भव्य बनाने के लिए सनातन धर्म और



भारतीय संस्कृति से करोड़ों लोगों को जोड़ने हेतु ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है। अब यह यात्रा भारत से लगभग 5000 किलोमीटर दूर रूस में भी निकाली जाएगी। इस आयोजन के लिए रूस से 16 सदस्यीय एक दल गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार पहुंचा। दल ने अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी से भेंटकर रूस के लोगों की अपेक्षाओं से अवगत कराया। डॉ. पंड्या ने रूस की राजधानी मास्को, कालीनिनग्राद और फीयोदोसिया में गायत्री महायज्ञ के आयोजन पर सहमति दी और शांतिकुंज के कार्यकर्ता डॉ. ज्ञानेश्वर मिश्र को समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी। डॉ. मिश्र ने बताया कि शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के अंतर्गत रूस की धरती के कई शहरों में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होगा और अनेक शहरों में ज्योति कलश यात्रा निकालकर रूस के लोगों में भारतीय संस्कृति को प्रकाशित किया जायेगा।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ी, भर्ती

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को रविवार सुबह दिल्ली के एम्स के हृदय विभाग में भर्ती कराया गया।



उपराष्ट्रपति को सुबह बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत थी। एम्स अस्पताल के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। 73 वर्षीय धनखड़ को सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हो रही थी। धनखड़ को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में सीसीयू में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों का एक समूह उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है।

### सरार्फा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट

# 87,710 से 87,86 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंची 24 कैरेट सोने की कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोना आज 510 रुपये से लेकर 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये से लेकर 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,400 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट



सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)